कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को साइबर ठगों (Cyber Criminals) द्वारा विभिन्न माध्यमों से गुमराह करने का कुप्रयास किया जा सकता है।

ये साइबर अपराधी परीक्षार्थियों को सीधे फोन कॉल कर उनके अंकों का विवरण देने और पैसे के बदले अंक बढ़ाने का प्रलोभन दे सकते हैं, साथ ही यह निराधार दावा भी कर सकते हैं कि उनकी पहुँच मुख्य डेटाबेस तक है, और इसके लिए वे परिषद् के कर्मचारियों के नाम का दुरुपयोग कर अपनी फर्जी पहचान भी बता सकते हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस के सक्रिय सहयोग से ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान कर इनके विरुद्ध आई.टी. एक्ट (IT Act) एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं के अंतर्गत कठोर दण्डात्मक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

अतः परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस से अनुरोध है कि:

1. ऐसे किसी भी फोन कॉल, मैसेज या ईमेल का संज्ञान न लें। परिषद् कभी भी व्यक्तिगत रूप से परीक्षार्थियों से संपर्क नहीं करता है।
2. अपनी व्यक्तिगत जानकारी, रोल नंबर या बैंक विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।
3. ऐसे कॉल आने पर उसे रिकॉर्ड करें और तत्काल मोबाइल नंबर के साथ अपने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) को सूचित करें अथवा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

3|4|2026

(भगवती सिंह)

सचिव,

माध्यमिक शिक्षा परिषद्,

उ०प्र०, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या-मा०शि०प०/सिस्टम सेल/1760(1-6) दिनांक : 03/04/2026

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित है :

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि इसे जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ ।

Scanned with CamScanner

3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति, मा०शि०प०, शिविर कार्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ ।

4. अपर सचिव, मा०शि०प०, क्षेत्रीय कार्यालय (मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर) को इस निर्देश के साथ कि ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराएं।

5. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे अपने स्तर से समस्त प्रधानाचार्यों को निर्देशित करें कि वे अभिभावकों के व्हाट्सएप ग्रुप एवं विद्यालय के सूचना पट्ट के माध्यम से छात्रों को सचेत करें। साथ ही परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस से ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराएं।

6. इंचार्ज (सिस्टम सेल), मा०शि०प० को परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट एवं सोशल मीडिया हैंडल्स पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु।

3/4/2026

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उ०प्र०, प्रयागराज।

Scanned with CamScanner